KUNDU): (a) This Ministry does not regard any country having a Consulate in India as a small or toy State as all are sovereign States. San Marino is one such sovereign State of Europe having an Honorary Consulate General in India.

(b) Most of the Honorary Consulates in India are manned by Indian nationals.

(c) Heads of such Consulates being Honorary, do not receive emoluments except expenses in connection with running of office and on official entertainment. No figures on such expenses are available nor the number of Indians rendering part time or full time assistance in such Consulates.

(d) No, Sir.

(e) Yes, Sir. India maintains 16 Consulates in Europe including a Consul General to San Marino who is resident in Rome.

मलेशिया के विदेश मंत्री की यात्रा

7714. **श्री राम सेवक हजारी** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मलेशिया के विदेश मंत्री ने हाल ही में भारत की यात्रा की थी ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन विषयों पर वार्ता हुई ; और

(ग) उसके क्या परिणाम निकले ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेन्द्र कुण्डू) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों पर और क्षेत्रीय और विश्व की स्थिति पर भी विचार-विमर्श का अवसर मिला । दोनों विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों की शानदार स्थिति पर गौर किया और विशेषकर आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्रों में संबंधों को और अधिक सुदृढ़ और स्थायी करने के बारे में विभिन्न सुझावों पर विचार किया । इस यात्रा के दौरान भारत और मलेशिया के बीच पहले सांस्कृतिक करार पर भी हस्ताक्षर हुए ।

दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के संबंध में दोनों विदेश मंत्रियों ने इन दोनों क्षेत्रों में सामान्यीकरण और इसके राज्यों के बीच आर्थिक सहयोग की आशाजनक प्रवृत्ति पर भी ध्यान दिया ।

विश्व के प्रमुख मामलों और इस संबंध में गुट निरपेक्ष आंदोलन की भूमिका के बारे में दोनों विदेश मंत्रियों के बीच आपस में पूर्ण सहमति पाई गई ।

प्रेस आयुक्त की नियुक्ति

7715. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एक भूतपूर्व राजनयिक श्री जानकी गंजू की प्रेस कांस्लर अथवा प्रेस आयुक्त के पद पर नियुक्ति पर 'पब्लिक रिलेशन' शीर्षक के अन्तर्गत प्रतिमास 1.35 लाख डालर व्यय किये जा रहे हैं ;

(ख) अमरीका के उन समाचार पत्रों के नाम क्या हैं जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ को उनके (मंत्री का) भाषण हिन्दी में भेजे तथा कितनी लाइनें भेजीं ; और

(ग) क्या भारतीय दूतावासों द्वारा जन सम्पर्क कार्य किया जाता है और यदि हां, तो प्रेस कांसलर के उक्त पद पर फिजूल खर्ची रोकी जाएगी ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेन्द्र कुण्डू) : (क) जी, नहीं । आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय के परामर्श से, मैसर्स पब्लिक रिलेशन्स अताशेज इंटरनेशनल इनकारपोरेटेड, वाशिंगटन, की सेवायें हासिल करने पर वस्तुतः 60,000 डालर प्रतिवर्ष का खर्च आता है । श्री जानकी गंजू इस कार्य के प्रमुख हैं और भारत सरकार ने संयुक्त राज्य अमरीका